दिन– बुधवार दिनांक– 25/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केन्द्र सरकार की प्रमुख पहल मेक इन इंडिया के आज दस वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवधि के दौरान सरकार ने कई प्रमुख योजनाएं लागू की हैं। इन कार्यों से भारत के विनिर्माण परिदृश्य में क्रांति आई है और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार शक्ति केंद्र बनाने के एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है। श्री मोदी ने हर संभव माध्यम से मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी है।

————————————————————————————

राज्य सरकार गुड़ उत्पादकों को बढावा देगी और इसके लिए सब्सिडी तथा आर्थिक मदद भी दी जायेगी। गन्ना उद्योग मंत्री कृष्ण नंदन पासवान ने आज कहा कि इसके लिए चालू वित्त वर्ष के दौरान गुड़ उद्योग को बढावा देने के लिए एक हजार दो सौ चालीस करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है।

————————————————————————————

सीतामढ़ी के बंद पड़े रीगा चीनी मिल में उत्पादन का कार्य शीघ्र शुरू होगा। इसके संचालन की जिम्मेदारी मेसर्स निरानी सुगर कम्पनी को दी गयी है। ईख आयुक्त अनिल कुमार झा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि मिल के पन्द्रह हजार कर्मचारियों में से दस हजार कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान कर दिया गया है। शेष पांच हजार कर्मचारियों का बकाया भुगतान भी जल्द ही कर दिया जायेगा।

————————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने अरवल से आज अपनी यात्रा की शुरूआत की है। इस दौरान श्री कुशवाहा शाहाबाद और मगध क्षेत्र में सभी वर्गो के लोगों से संवाद करेंगे। यात्रा का उद्‌देश्य लोकसभा चुनाव में इन क्षेत्रों में एनडीए के प्रदर्शन को लेकर लोगों की राय और सुझाव प्राप्त करना है। श्री कुशवाहा ने कहा कि लोगों से मिले फीडबैक के आधार पर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनायी जायेगी।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने विशेष भूमि सर्वेक्षण के लिए जमीन के दस्तावेज और स्वघोषणा पत्र जमा करने की समय सीमा तीन महीने के लिए बढ़ा दी है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि रैयतों को जमीन के कागजात एकत्र करने में आ रही समस्या को देखते हुए यह फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। डॉक्टर जायसवाल ने बताया कि विभाग ने जमीन सर्वे से जुड़ी शिकायत, समस्या या जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी किया है।

पटना, बेगूसराय, मुंगेर और भागलपुर समेत राज्य के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगभग चौदह लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पटना जिले के दियारा क्षेत्रों में हालात अब भी बदतर बने हुये हैं। इन क्षेत्रों में कई पंचायतें बाढ़ से पूरी तरह घिरी हुई हैं। लोगों ने ऊंची जगहों पर शरण ले रखा है। बेगूसराय, मुंगेर, खगड़िया और भागलपुर के विभिन्न प्रखंडों में भी गंगा नदी में उफान से आयी बाढ़ के कारण प्रभावित क्षेत्रों में अब भी हालात नहीं सुधरे हैं। प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई घर और राहत शिविर की व्यवस्था की है, लेकिन बाढ़ पीड़ितों तक समुचित रूप से राहत नहीं पहुंच पा रही है। इसके कारण कुछ इलाकों में लोगों ने प्रदर्शन किया। इधर, मुंगेर के रतनपुर, बरियारपुर के बीच रेल लाईन पर पानी के दबाव कम होने के बाद रेलवे ने कल से भागलपुर—जमालपुर रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया है। आज इस रेलखंड पर परिचालन पूरी तरह सामान्य हो गया है।

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ने से मध्यम से भारी वर्षा हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मुंगेर के संग्रामपुर में एक सौ बाईस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, अररिया के नरपतगंज में पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इधर, राजधानी पटना समेत आस—पास के क्षेत्रों में सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज अररिया किशनगंज, भागलपुर और कटिहार जिले में बहुत भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में दोषी दो लोगों को दस–दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक–एक लाख रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।